>

Title: Need to rehabilitate displaced personsm due to the Sardar Sarovar Dam and provide Special Relief Package and other baisc amenities.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से मेरी खरगौन, बड़वानी लोक सभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्या के बारे में कहना चाहता हूं । देश की सबसे बड़ी परियोजना, सरदार सरोवर बांध योजना है । इसका पानी रोकने से मेरे बड़वानी जिले के सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं । मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि वेग वाटर होने के बाद भी ऐसे कई गांव हैं, जो टापू बन गए हैं । उन टापू युक्त गांवों के मकानों के लिए विशेष अनुदान पैकेज में उनको 5 लाख 80 हजार रुपये देने चाहिए । इस प्रकार के जो विस्थापित लोग हैं, जिनकी कृषि भूमि और मकान आए हैं, उनको भी राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला 5 लाख 80 हजार रुपये का पैकेज देना चाहिए । दो हेक्टेअर के पात्र किसानों ने एसआरपी की दोनों किश्तें प्राप्त कर ली थीं, उनको भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 60 लाख रुपये का पैकेज देने का निर्देश हुआ था, वह भी राज्य सरकार को उन्हें देना चाहिए । राज्य सरकार को निर्देश हुए थे कि इस प्रकार की पट्टेदारी जिन विस्थापितों को मिली है, उनकी रजिस्ट्री नि:शुल्क की जाएगी । राज्य सरकार उसमें अभी तक कोई निर्णय नहीं कर पाई है ।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के विस्थापित लोगों को लाभ मिले । वहां जो मूलभूत सुविधायें हैं, सड़कें हैं, स्कूल्स हैं, भवन हैं, रोड्स हैं, बिजली है, उन पर भी राज्य सरकार अभी कुछ काम नहीं कर पा रही है । मैं कहना चाहता हूं कि आपके माध्यम से राज्य सरकार निर्देशित हो और मेरे विस्थापित गांव को इसका लाभ मिल पाए । मैं यही निवेदन करना चाहता हूं, धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री गजानन कीर्तिकर : उपस्थित नहीं ।

श्रीमती हेमामालिनी जी ।